# मानव अधिकार मिशन का शपथ विधि समारोह सम्पन्न



**इन्दौर** डॉ. महेंद्र शर्मा चेयरमैन/संस्थापक मानव अधिकार मिशन, भारत के मुख्य आतिथ्य में मानव अधिकार मिशन, भारत के पदाधिकारियों का शपथविधि समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एमएस जन्मेदा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), विजय मंगला (राष्ट्रीय संगठन सचिव) एवं शकील भाई (प्रभारी, गुजरात) उपस्थित रहे। समारोह के दौरान नए सदस्यों को मानव अधिकारों की रक्षा एवं न्याय के मिशन में सक्रिय भागीदारी हेतु शपथ दिलाई गई तथा उनके पदों की औपचारिक घोषणा भी की गई। समारोह में विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं एवं उनके संगठनों को भी सम्मानित किया गया। इनमें जीतू बगानी (मुस्कान ग्रुप, इंदौर), रानी चंदेल (हेल्पिंग हैंड), नम्रता सावंत (ताई साहेब वेलफेयर सोसायटी), गायत्री परिहार (मदर ऑर्गेनाइजेशन, इंदौर), डॉ. रामू ठाकुर (एमवाई हॉस्पिटल, ब्लड बैंक) तथा डॉ. अशोक यादव (प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग, महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर) प्रमुख रूप से शामिल रहे। संचालन निकुंज गोयदानी ने तथा महिला विंग अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया।

# एमरॉन ने 'बॉस मैकेनिक' समारोह के ज़रिए जोड़ा देश भर के 5,000 से अधिक मैकेनिक को



**इंदौर, :** अमारा राजा एनर्जी एंड मोबिलिटी के ऑटोमोटिव बैटरी ब्रांड, एमरॉन ने अपने 'बॉस मैकेनिक' कार्यक्रम के ज़रिए पूरे भारत के 5,000 से अधिक मैकेनिक को जोड़ा है, जिससे देश के वाहन सेवा (ऑटोमोटिव सर्विस) परितंत्र के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता और दृढ़ हुई है। कंपनी इस पहल को आगे बढ़ाते हुए, आगामी सत्रों में इस कार्यक्रम का विस्तार कर देश भर के 25,000 मैकेनिक तक पहुंच बनाने की योजना बना रही है। एमरॉन के बड़े मैकेनिक जुड़ाव प्लेटफॉर्म के अंग के तौर पर, 'बॉस मैकेनिक' के इंदौर संस्करण ने इस क्षेत्र के 1000 से अधिक मैकेनिकों को एक मंच पर लाया। यह चार सप्ताह की पहल थी जिसे वर्कशॉप से जुड़े काम को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था। फिनाले में, बाइक केयर पॉइंट के शबाद खान को 'एमरॉन बॉस मैकेनिक, इंदौर' का खिताब दिया गया, और वे शहर के शीर्ष मैकेनिक के रूप में उभरे। विजेता को नई मोटरसाइकिल मिली, जबकि अंतिम दौर में पहुंचने वाले सभी प्रतिभागियों (फाइनलिस्ट) को उनके प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र और एमरॉन ब्रांड वाले स्मृति चिन्ह प्रदान किये गए।

# आंबेडकर जी की जन्म जयंती मनाई




**इंदौर !**ब्रिलियंट हायर सेकेण्डरी स्कूल खातीवाला टैंक इंदौर पर बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जी की जन्मजयंती मनाई गई।प्रारंभ में विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यकम प्रारंभ किया। श्री विशाल यादव, श्री राजेश कोडवानी, इंचार्ज श्रीमती सुनीता फणसे, मीता सरकार, राखी नैनानी,सुरजीत कौर मेडम, संजय कुमार मालवी आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की। श्री संजय कुमार मालवी ने बताया कि बाबा साहब भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार,महान समाज सुधारक,अर्थशास्त्री और दलितों के मसीहा थे।आपने संविधान समिति के अध्यक्ष के रूप में भारतीय संविधान को दो साल ग्यारह महीने ओर सत्रह दिन में पूर्ण किया। संचालन शिल्पा जैन ने किया, आभार त्रिशा चेनानी ने व्यक्त किया।

# कंचन बहन वर्धा का वक्तव्य 17 अप्रैल को

**इंदौर !**आचार्य विनोबा भावे द्वारा भूदान आन्दोलन के तहत भूदान यज्ञ का अद्वितीय कार्य किया गया।इसके 75 वर्ष हो रहे है।इस उपलक्ष्य में श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति में शुक्रवार 17 अप्रैल को सायं 5 बजे 2 कार्यक्रम होंगे।समिति के प्रधानमंत्री अरविन्द जवलेकर एवं संयोजक शोध मंत्री डॉ. पुष्पेन्द्र दुबे ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री कंचन बहन, ब्रह्म विद्या मंदिर, पवनार, वर्धा होगी जो 'भारतीय ज्ञान परम्परा और भूदान आन्दोलन पर अपना वक्तव्य देगी तथा अतिथि प्राध्यापक डॉ. जितेन्द्र जाखेटिया 'इन्दौर में आचार्य विनोबा भावे' सन्दर्भ यादें ताजा करेंगे।अध्यक्षता श्री सत्यनारायण सत्तन करेंगे।प्रचार मंत्री हरेराम वाजपेयी ने बताया कि इस अवसर पर 'भूदान यज्ञ : मानवता का आरोहण' नाटक देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर के पत्रकारिता विभाग द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा।

## कार्टून कोना




**दो आरोपियों के कब्जे से चोरी किये सोने व चांदी के जेवरात कुल करीबन 50,000/– रूपये का मश्रुका बरामद**

# नकबजनी की घटना का पुलिस थाना एरोड्रम ने किया पर्दाफाश

**इन्दौर।** शहर में नकबजनी व चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु पुलिस आयुक्त इंदौर श्री संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त इंदौर श्री अमित सिंह एवं पुलिस उपायुक्त जोन-01 इंदौर श्री कृष्ण लालचंदानी द्वारा आरोपियो की गिरफ्तारी किये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देशो के तारतम्य में अति. पुलिस उपायुक्त जोन -01 श्री सुमित केरकेट्टा व सहायक पुलिस आयुक्त अनुभाग मल्हारगंज श्री विवेक सिंह चौहान के द्वारा थाना प्रभारी थाना एरोड्रम श्री तरुण सिंह भाटी को नकबजनी व चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों की पतारसी हेतु बताया गया।

यह कि दिनांक 29.01.2026 को थाना एरोड्रम पर फरियादी राजनारायण पिता रमेश राजपूत निवासी 355 केदार नगर एरोड्रम इंदौर द्वारा थाना उपस्थित होकर मौखिक रिपॉर्ट किया कि दिनांक 25.01.2026 को अपने घर में ताला लगाकर परिवार के साथ अपने गाँव छाड़बेड़ा जिला हरदा गया हुआ था। जब मैं दिनांक 26.01.2026 को रात्रि 09.00 बजे वापस आया तो घर के मैन गेट का ताला टूटा हुआ था। अन्दर जाकर देखा तो घर में रखी



अलमारी का भी ताला टूटा हुआ था एवं उसमें रखी हुई सोने व चांदी की रकम भी नहीं मिली। फरियादी की उक्त शिकायत पर से थाना एरोड्रम पर अपराध क्रमांक 059/2026 धारा 305 (ए), 331 (4) बीएनएस में पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुऐ थाना प्रभारी एरोड्रम तरूण सिंह भाटी के द्वारा तत्काल टीम गठित कर आरोपियों की पतारसी हेतु रवाना किया। पुलिस टीम के द्वारा पूर्व में चोरी व नकबजनी की घटनाओं में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ एवं आसूचना संकलन का कार्य कराया तथा घटना स्थल व आसपास के रूट के करीबन 60 70 सीसीटीव्ही कैमरों के फुटैज व पुलिस तकनीकी का प्रयोग कर अज्ञात आरोपी की पतारसी करना प्रारंभ किया। उक्त दिशा में कार्य करते पुलिस टीम द्वारा आरोपी (1) सुमीत उर्फ त्रयंबक पिता मतगयंद पयासी उम्र 19 साल निवासी 5/4 डी प्रथम बटालियन इंदौर (2) यश उर्फ भूरा पिता विनोद गौयल उम्र 20 साल निवासी जगदीश नगर नाले के पास बाणगंगा इंदौर को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त दोनों आरोपियों के कब्जे से 01 सोने की अंगूठी, 01 चांदी का कलश व 01 जोड़ी चांदी की पायल कुल करीबन 50,000/- रूपये का मश्रुका बरामद किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक तरुण सिंह भाटी, सउनि निलेश सिसोदिया, प्रआर. 3164 दीपू यादव, आर. 1374 जोगेश लश्करी, आर. 503 राजू रावत, आर. 22 आनन्द सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# अम्बेडकर जयंती पर महू में मैराथन दौड़ का आयोजन

**इंदौर !** संविधान निर्माता बाबा साहब की जन्म स्थली महू नगर में राकिब ख़ान एवं अजय वर्मा मित्र मंडल के तत्वावधान में युवाओं को बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व से जोड़ने के लिए एक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया था। युवाओं की उपस्थिति संख्या ने इसे भव्य बना दिया।

सर्व प्रथम 'रन फार अम्बेडकर ' एवं 'रन फार कांस्टीट्यूशन ' लिखी सफेद टीशर्ट का वितरण किया गया ।इस मैराथन का शुभारंभ महान स्वतंत्रता सेनानी एवं भारत के लोकप्रिय प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

मैराथन दौड़ नेहरू प्रतिमा से प्रारंभ होकर कोतवाली चौक स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा, गर्ल्स स्कूल



चौराहा स्थित सावित्रीबाई फुले प्रतिमा होते हुए बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जन्मस्थली तक पहुंची। समापन स्थल पर प्रतिभागियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौड़ में युवा बालक बालिकाओं ने बच्चियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया गांधी वादी सर्वोदय कार्यकर्ता आशुतोष शुक्ला ने जयंती के अवसर पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध कर बाबा साहब की लिखी पुस्तकों को महाविद्यालय के पाठ्य क्रम में शामिल करने का सरकार से आग्रह किया। बाबा साहब द्वारा लिखित ' रूपए की समस्या को ' अर्थशास्त्र स्नातक के पाठ्य क्रम,' पुस्तक 'जाती का विनाश' और पुस्तक 'शूद्र कौन थे' को समाज शास्त्र की स्नातक कक्षाओं , और पुस्तक 'बुद्ध और उनके धाम' को दर्शन शास्त्र की स्नातक कक्षाओं में सम्मिलित करने का अनुरोध किया। आशुतोष शुक्ला ने बाबा साहब को सुपर ब्राह्मण बताया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले धावक सुमित वर्मा को ?1100 की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं महात्मा गांधी ब्लॉक अध्यक्ष अजय वर्मा के नेतृत्व में तथा मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित विभाग के उपाध्यक्ष रंजीत गौहर के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के आयोजक रचयिता और शिल्पकार मो. राकिब खान थे।

नीरज शर्मा , अमित शुक्ला ,बलराम सर, जय वर्मा , छन्नु भाई, का विशेष सहयोग रहा ।

आयोजक राकिब ख़ान ने विशेष सहयोग देने वाले राकेश चौधरी बंटी भाई, डाक्टर आनंद वर्मा मनीष गुप्ता पुनीत मेहना सोनू चांवरे ,ओबेरॉय , अभिषेक मारोलिया ,हेमराज , मध्यप्रदेश फार्मासी प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री अवधेश गुप्ता का आभार व्यक्त किया।

# डॉ. अंबेडकर की जयंती पर किन्नर समाज ने किया नमन



भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसी क्रम में इंदौर के गीता भवन चौराहा पर किन्नर समाज द्वारा बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी गई। किन्नर समाज के सदस्यों ने उनकी प्रतिमा का अभिषेक कर माल्यार्पण किया और 'जय भीम' के नारों के साथ उन्हें नमन किया। किन्नर समाज की प्रतिनिधि झूमर किन्नर ने बताया कि बाबा साहेब की जयंती उनके समाज के लिए गर्व और खुशी का दिन है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान ने सभी वर्गों को समान अधिकार दिलाए हैं, जिससे समाज के हर वर्ग को सम्मान मिला है।कार्यक्रम में शिमला कुंवर, गोल्डन कुंवर, अंकित कुंवर, रोली कुंवर और सोना कुंवर सहित किन्नर समाज के कई सदस्य मौजूद रहे।

# श्री परशुराम युवा सेना की भव्य संस्कार यात्रा



**इंदौर !**श्री परशुराम युवा सेना द्वारा परंपरागत संस्कार यात्रा का भव्य आयोजन किया गया संस्थापक पं वैभव पांडेय ने बताया कि इस बार यात्रा का प्रारूप बदला गया भक्तिमय भजन संध्या और महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से महापौर पुष्यमित्र भार्गव , महामंडलेश्वर आदित्यनाथ योगी ,पं दिनेश शर्मा , वैभव शुक्ला , संदीप दुबे , टीनू जैन , नितिन पांडेय शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष पं कुणाल पंचोली ने बताया मंच का संचालन नगर अध्यक्ष पं राजेश उपाध्याय ने किया आभार महासचिव पं गौरव पांडेय ने माना।

# राठौर समाज में पहली बार वकील, न्यायाधीश का सम्मेलन हुआ

**इंदौर।** उभरता राठौर समाज मिशन द्वारा राऊ स्थित नखराली ढाणी में 'लीगल एंड प्रोफेशनल डायमंड कॉन्फ्रेंस 2026' का आयोजन संपन्न हुआ। जानकारी देते हुए मनोज राठौर तेली ने बताया कि इस तरह का आयोजन राठौर समाज में पहली बार हुआ है। हरीश राठौर लड्डू बाबा ने बताया कि मरणोपरांत अंगदानी समाज की प्रेरणास्रोत स्व. श्रीमती अभिजीता राठौर को मानवरत्न उपाधि से सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में 72 प्रतिभाएं लीगल और प्रोफेशनल डायमंड क्षेत्र की परिवार सहित एकत्रित हुए और परिचय हुआ।मुख्य अतिथि प्रधान न्यायाधीश श्री मुन्नालाल राठौर, प्रिंसिल जज फैमिली कोर्ट डिंडोरी, न्यायाधीश रघुनाथवीर सिंह राठौर (वर्चुअल रूप से जुड़े), लाटरी के माध्यम से प्रतिभाओं में से एक सुश्री प्रतीका राठौर अतिथि के रूप में चुनी गई, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रतन सिंह राठौर , वरिष्ठ रजिस्टार समरथ मल राठौर, प्रवीण राठौर उपस्थित रहे।

सामाजिक उत्प्रेरक आर.एन. राठौर ने कहा कि 'कोई भी सर्वश्रेष्ठ नहीं होता, भाग्य में जो लिखा है वही प्राप्त होता है।' कार्यक्रम की शुरुवात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा कु पियूषा राठौर के सरस्वती वंदन नृत्य प्रस्तुति से हुई।कार्यक्रम में मनोज राठौर तेली, अभिजीत सिंह राठौर, विजय राठौर , राजेश सोलंकी , मोहनलाल राठौर , श्यामलाल राठौर , प्रशांत राठौर , हरीश राठौर लड्डू इंदौर, शुभम राठौर,जितेंद्र राठौर प्रयास,निलांशु राठौर बल्लू, विपिन राठौर, लक्ष्य कृष्णा राठौर, किरण राठौर, सहित बड़ी संख्या में प्रदेश सहित छत्तीसगढ़ और राजस्थान से समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन डा समीक्षा राठौर एवं दिव्यानी राठौर ने किया । आभार मनोज राठौर तेली ने माना

# अहिरवार समाजजन ने डॉ. अम्बेडकर के चरणों मे किया नमन



**इन्दौर।** श्री सूर्यवंशी अहिरवार समाज जुनारिसाला के गजानन्द सुनहरे एडव्होकेट के साथ साथ भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती अवसर पर गीता भवन इन्दौर चौराहे पर बड़ी संख्या में पहुंचे अनुयायियों ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के चरणों मे श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हे नमन किया।

भारत रत्न, भारत के संविधान निर्माता, करोड़ों शोषित वंचितों और महिलाओं को अपने अधिकार दिलाने वाले, सभी के बीच समानता का बिगुल बजाने वाले बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की 135 वीं जयंती अवसर पर बड़ी संख्या में बाबा साहेब अम्बेडकर को याद करने और श्रद्धा सुमन र्अिपत करने श्री सूर्यवंशी अहिरवार समाज जुनारिसाला के गजानन्द सुनहरे एडव्होकेट, विशाल अहिरवार, रविन्द्र गुलेरी, गंगाराम रोशन के साथ-साथ विभिन्न स्थानों से आए बाबा साहेब के अनुयायीगण गीता भवन इन्दौर पहुंचे। इसके उपरांत कई भक्तगण का अपने-अपने ग्रुप के साथ बाबा साहेब की जन्म स्थली महू की और प्रस्थान किया।

# संविधान और विवाह के बदलते प्रतिमान पर चर्चा

**इंदौर** सरोकार साझा मंच की मासिक बैठक में 'भारतीय संविधान - जैसा मैंने समझा' और 'विवाह के बदलते प्रतिमान' पर चर्चा की गई। आयोजक माधुरी निगम ने संविधान के लोकतान्त्रिक स्वरूप पर विचार रखे। वक्ताओं ने संविधानिक प्रावधानों का पालन, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, और विवाह के बदलते स्वरूप पर चर्चा की।करुणा प्रजापति ने बेहतर समाज के निर्माण के लिए संविधानिक प्रावधानों का कड़ाई से पालन और आत्ममंथन जरुरी बताया। डॉ. अर्चना त्रिवेदी ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के




परिप्रेक्ष्य में डिजिटल मीडिया में अमर्यादित और बिगड़े बोल की समस्या बताई। महिमा शुक्ला ने संविधान के स्वरूप, सरकार में 'शक्ति संतुलन' और संशोधन प्रकिया पर बात की। मृदुला शर्मा ने पुनः एक बड़े आंदोलन की जरूरत बताई जिससे पीड़ित को समय पर और सही न्यायिक राहत मिल सके। अमिता मराठे ने संविधान को जनहित का सुरक्षा कवच बताया।गायत्री शर्मा ने 'विवाह संस्कार के बदले स्वरूप' में बढ़ते अनावश्यक खर्च, महंगे आयोजन और दबाव पर बात की। आशा मुंशी ने अंतरधार्मिक और अंतरजातीय विवाहों की समस्यायें रेखांकित कीं। निर्मला बागोरा, संतोषी यदुवंशी, कृष्णा जोशी और कविता मेहता ने पारिवारिक व्यवस्था, नैतिकता और असुरक्षित विवाह सम्बन्ध पर चर्चा की।अर्चना पंडित, वंदना मिश्रा, समिधा शुक्ला, कविता चौहान, संगीता चौहान , जयश्री शर्मा और वंदना शर्मा ने मधुर स्वर में जगजीत सिंह, गुलज़ार, दुष्यन्त कुमार की गज़लें प्रस्तुत कीं। अंत में समापन रोचक गेम व? पुरस्कार वितरण से हुआ। आभार गायत्री शर्मा ने प्रकट किया।

# सरिता अजय साक्कले समरस साहित्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित



**इंदौर** अहमदाबाद गांधीनगर गुजरात में अंबेडकर ऑडिटोरियम सेक्टर 12 गांधीनगर गुजरात में समरस अंतरराष्ट्रीय साहित्य सृजन भारत संस्था का 11वां राष्ट्रीय अधिवेशन भव्यता के साथ साहित्यकारों एवं वशिष्ठ जनों के समक्ष संपन्न हुआ वार्षिक अधिवेशन के भव्य महा काव्य कुम्भ का आयोजन वरिष्ठ मंच कविगण एवं वरिष्ठ समाज सेवीयों के समक्ष संपन्न हुआ कार्यक्रम में बहुचर्चित समाज सेवक एवं कवि गण उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में करीब अलग-अलग प्रति से पधारे 125 कलम करो को सम्मानित किया गया जो पुस्तकों का विमोचन हुआ कार्यक्रम की अपार सफलता में,देश के कोने-कोने से पधारे 18 प्रांत के सभी वरिष्ठ कलमकार सभी साहित्यकार पदाधिकारी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे संस्थान संस्थापक प्रमुख मुकेश व्यास स्नेह के अथक प्रयास से साहित्य संस्था में देश के हर राज्य शहर गांव कस्बे से कलमकार इस समूह से जुड़े हुए हैं है